# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 28.07.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 28.07.2025 को जिला अधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), कुशीनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, कुशीनगर।
3. श्री आतिफ हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
4. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
5. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
6. श्री हर्ष भट्ट, श्री विशाल त्रिपाठी, श्री आदित्य मद्धेशिया, श्री रतनपाल सिंह, श्री प्रदीप चौरसिया, श्री वंश गौरव, श्री कृष्ण कुमार जायसवाल, श्री प्रियशरण पाण्डेय जू0इं0 एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
7. श्री चरण सिंह, उप परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
8. श्री अभय उपाध्याय, इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 व उनकी टीम।
10. श्री रविन्द्र गोखले, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 व उनकी टीम।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 334718 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6448 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 224 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6252 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

## 1– भूमि विवाद :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत 453 अदद् योजनाओं के निर्माण हेतु 454 अदद् कार्यस्थलों हेतु भूमि की आवश्यकता थी जिसके सापेक्ष शतप्रतिशत भूमि का आवंटन हो गया तथा उपरोक्त 454 अदद् स्थलों पर बोरिंग का पूर्ण कर लिया गया है परन्तु योजना का कार्य प्रारम्भ होने के बाद 33 अदद् योजनाओं के कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रकार के विवाद (सूची संलग्न) उत्पन्न होने के कारण शेष कार्य नही हो पा रहा है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुशीनगर को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये निस्तारण कराकर उपरोक्त अवशेष कार्यो को अतिशिघ्र पूर्ण करा लिया जाय।

**(कार्यवाही अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)**

## 2– वितरण प्रणाली बिछाने में व्यवधान :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत कुल 6448 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना प्रस्तावित था जिसके सापेक्ष अब तक 6252 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य हुआ है। उक्त अवशेष 196 किमी0 वितरण प्रणाली में से 120.61 किमी0 वितरण प्रणाली विभिन्न छोटी–बडी बाधाओं (सूची संलग्न) यथा ग्रामवासियों द्वारा रोका जाना आदि के कारण बिछाया जाना शेष है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्षों को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही समस्त उपजिलाधिकारी/थानाध्यक्ष/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)**

## 3– निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशयो की सिक्योरिटी आडिट :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत समस्त निर्मित/निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशयों की सामर्थ्य एवं सिक्योरिटी की जॉच की राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के माध्यम से कराये जाने हेतु उक्त

कार्यदायी एजेंसी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड कुशीनगर को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उच्च जलाशय का सिक्योरिटी ऑडिट SWSM की गाइडलाइन के अनुसार शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिसके कम में अगामी 15 दिन के अन्दर उक्त परीक्षण कार्य प्रारम्भ करा लिया जायेगा तथा परीक्षण के दौरान दी गयी टिप्पणीयों/निर्देशों के कम में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

**4– निर्माण कार्यो का सत्यापन :–**

विगत दिशा की बैठक में मा0 सांसद कुशीनगर द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के सत्यापन हेतु दिये निर्देशों के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक तहसीलवार एक जॉच कमेटी (जिसमें एक तहसील स्तरीय अधिकारी व एक अवर अभियन्ता हों) का गठन कर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय सत्यापन कराकर उनके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0 /डी0पी0एम0यू0)**

**5– सड़क पुनर्स्थापना :–**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में वितरण प्रणाली बिछाने के दौरान कुल 1829 किमी0 की लम्बाई में सड़के काटी गयी जिसके सापेक्ष 1790 किमी0 की लम्बाई में पुनर्स्थापना का कार्य करा दिया गया है तथा कुल 904 अदद् राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 774 अदद् राजस्व ग्रामों में सड़क पुनर्स्थापना का कार्य शतप्रतिशत करा लिया गया है तथा उपरोक्त सड़क पुनर्स्थापना के कार्यो का सत्यापन टी0पी0आई0ए0 द्वारा करने के उपरान्त उनके द्वारा ही पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि उपरोक्त शतप्रतिशत सड़क पुनर्स्थापित ग्रामों के सत्यापन के दौरान सम्बन्धित ग्राम प्रधानगण से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

**6– मिट्टी भराई :–**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत योजनाओं के जलकल परिसर के विकास हेतु मिट्टी भराई की आवश्यकता है परन्तु उक्त योजनाओं के प्राक्कलन में मिट्टी भराई का कार्य प्रस्तावित नही है जिस कारण उपरोक्त मिट्टी भराई के अभाव में जलकल परिसर का विकास नही हो पा रहा है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि उपरोक्त मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के स्तर से करा लिया जाय तथा इसके लिये जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा कुशीनगर के स्तर से समस्त खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करने के कम में पत्र प्रेषित किया जाय।

**(कार्यवाही जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/समस्त खण्ड विकास अधिकारी/डी0पी0एम0यू0)**

**7– ''हर घर जल'' :–**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 904 अदद राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 363 अदद् राजस्व ग्रामों में ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण का कार्य करा दिया गया है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि ''हर घर जल'' प्रमाणित ग्रामों में नियमित जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)**

**8– एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्र :–**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से

एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 को पत्र प्रेषित कराने तथा उनके उच्चाधिकारियों को पृष्ठांकित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)

9— सड़क चौडीकरण/नाली निर्माण के दौरान पूर्व स्थापित वितरण प्रणाली एवं गृह जल संयोजनों का क्षतिग्रस्त होना :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में बिछायी गयी वितरण प्रणाली एवं गृह जल संयोजनों को ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण/नाली निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है, जिसके कारण जलापूर्ति बाधित हो रही है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से सम्बन्धित विभागों को पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0/समस्त खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लो0नि0वि0/जिला पंचायत)

10— विद्युत विभाग से सम्बन्धित बिन्दु :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 103 अदद् पेयजल योजनाए विद्युत अधारित है जिनमें से अब तक मात्र 20 अदद् योजनाओं पर ही विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, उक्त अवशेष 83 अदद् योजनाओं के विद्युतीकरण का कार्य समय से न हो पाने के कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 24 अदद् योजनाए छोटी—बडी विद्युत खराबी यथा ट्रान्सफार्मर खराब, पोल क्षतिग्रस्त होने आदि के कारण जलापूर्ति बाधित है जिसके मरम्मत हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को मुख्य विकास अधिकारी महोदया के स्तर से पूर्व में पत्र प्रेषित किया जा चूका है परन्तु कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग से सम्बधित योजनाओ की सूचि एकत्रित कर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को पत्र प्रेषित करते हुये उनके प्रबंध निदेशक को पृष्ठांकित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)

11— नान कम्प्लायेन्स (एन0सी0) :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यो की थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन हेतु मे0 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 नामित है, जिनके द्वारा उक्त कार्यो के गुणवत्ता की सतत् निगरानी की जा रही है। जनपद में 2845 अदद् किटीकल एन0सी0, 16615 अदद् मेजर एन0सी0 तथा 108 अदद् माईनर एन0सी0 प्रस्तुत की गयी है जिसके सापेक्ष अब तक 2578 अदद् किटीकल एन0सी0, 15995 अदद् मेजर एन0सी0 तथा 100 अदद् माईनर एन0सी0 को बंद करा दिया गया है तथा शेष एन0सी0 के सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है जिसके सत्यापनोंपरान्त कार्य गुणवत्ता पूर्ण पाये जाने पर उक्त एन0सी0 बंद किया जाना है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि दिये गये एन0सी0 के सापेक्ष की गयी कार्यवाही रिपोर्ट की प्रति आगामी बैंठक में प्रस्तुत की जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0 /डी0पी0एम0यू0)

12— उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाए :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित कुल 196 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए है जिनसे जनपद के कुल 313 अदद् ग्राम पंचायतो के 519 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 206138 अदद् गृह जल संयोजन किया गया है जिनमें से 22 अदद् ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं से पूर्ण क्षमता पर तथा 108 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आंशिक क्षमता पर जलापूर्ति

की जा रही है, शेष 66 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से विभिन्न कारणों यथा विद्युत संयोजन में खराबी, रोड़ चौड़ीकरण के कारण मुख्य वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त योजनाओं के 10 वर्षो तक अनुरक्षण एवं संचालन हेतु मुख्यालय स्तर से कार्यदायी एजेंसी मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को नामित किया गया है। वर्तमान में उपरोक्त अनुरक्षण एवं संचालन हेतु प्राक्कलन विरचन का कार्य किया जा रहा है जिसमें से 10 अदद् प्राक्कलन मुख्यालय स्तर पर प्रेषित किया जा चूका है तथा शेष योजनाओं के प्राक्कलन आगामी माह तक शतप्रतिशत प्रेषित कर दिया जायेगा तथा स्वीकृति उपरान्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शासन की गाइडलाइन के अनुसार प्राक्कलन विरचन का कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)

13— अन्य बिन्दु :—

(क)— अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जनपद स्तरीय प्रयोगशाला के एन0ए0बी0एल0 व खण्ड कार्यालय के स्थापना हेतु भूमि की आवश्यकता है, जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त भूमि के आवंटन हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर पत्रावली उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

(ख)— अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे उपरोक्त समस्त निर्माण कार्यो की योजनावार बार चार्ट के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत किया जाये तथा उक्त बार चार्ट के माध्यम से ही योजनावार समीक्षा हो जिससे किसी योजना में किसी प्रकार के व्यवधान/प्रगति प्रभावित होने पर उनकी गहन समीक्ष करते हुये योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जा सकें, जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/ मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (आतिफ हुसैन)<br>अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। | 31/07/25<br>(गुंजन द्विवेदी)<br>मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। | (महेन्द्र सिंह तंवर)<br>जिलाधिकारी/अध्यक्ष,<br>जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,<br>कुशीनगर। |

पत्रांक— 2126 / कार्य-10 /05 दिनांक 02-08-2025

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
5. समस्त सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
8. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
11. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।